# शब्द रुप से सम्बन्धित अध्यायवार प्रश्नकोश

1. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द सदा बहुवचन में प्रयोग होता है?
(a) शिशु (b) भक्ति
(c) पुस्तक (d) प्राण

2. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द पुल्लिंग है?
(a) आय (b) व्यय
(c) नहर (d) लहर

3. कवि का स्त्रीलिंग होगा –
(a) कवियत्री (b) कवियित्री
(c) कवयित्री (d) कवियत्रि

4. निम्नलिखित में कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है–
(a) झुरमुट (b) अन्त्येष्टि
(c) इच्छा (d) निराला

5. निम्नलिखित में पुल्लिंग शब्द है –
(a) सरसों (b) मकई
(c) सारस (d) मूँग

6. निम्नलिखित शब्दों में कौन स्त्रीलिंग नहीं है?
(a) रोटी (b) पूड़ी
(c) पानी (d) नदी

7. 'ऋषि' का स्त्रीलिंग है :
(a) ऋषिणी (b) ऋषिपत्नी
(c) ऋषिका (d) ऋषी

8. हिन्दीभाषा में 'वचन' कितने प्रकार के हैं?
(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 5

9. लिंग की दृष्टि से 'दही' क्या है?
(a) स्त्रीलिंग (b) पुल्लिंग
(c) नपुंसकलिंग (d) उभयलिंग

10. निम्नलिखित में से कौन–सा स्त्रीलिंग है?
(a) उत्साह (b) चक्रव्यूह
(c) मृत्यु (d) संकल्प

11. 'सुन्दरता' में संज्ञा है –
(a) व्यक्तिवाचक (b) समूहवाचक
(c) जातिवाचक (d) भाववाचक

12. 'मित्र' का भाववाचक है –
(a) बन्धुता (b) मीत
(c) मित्रता (d) शत्रुता

13. 'सो' है –
(a) प्रश्नवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) कोई नहीं

14. 'अरे जरा इधर तो आ' में से कौन–सा अव्यव है –
(a) परिणाम वाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) विस्मयादिबोधक (d) कालवाचक

15. पुल्लिंग और स्त्रीलिंग में से कौन–सा जोड़ा सही नहीं है–
(a) मोटा–मोटी (b) धोबी–धोबिन
(c) दाता–दानी (d) तेली–तेलिन

16. 'भूखे को अन्न दो और प्यासे को जल' वाक्य किस कारक का है?
(a) सम्प्रदान (b) अपादान
(c) सम्बन्ध (d) अधिकरण

17. निम्नलिखित शब्दों में से पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए
:(a) सूची–पत्र (b) किताब
(c) गंगा (d) संसद

18. 'राष्ट्र' की भाववावक संज्ञा है
(a) राष्ट्री (b) राष्ट्रीय
(c) सौराष्ट्र (d) राष्ट्रीयता

19. निम्न में से कौन कथन सत्य नहीं है :
(a) संस्कृत में तीन वचन होते हैं
(b) हिन्दी में दो वचन होते हैं
(c) हिन्दी में दो लिंग होते हैं
(d) संस्कृत में हिन्दी की तरह दो लिंग होते हैं

20. 'साधु' का स्त्रीलिंग शब्द है :
(a) साधुनी (b) साध्वी
(c) साधु आईन (d) साधुवाइनि

21. निम्नलिखित ईकारात शब्दों में एक पुलिंग है, उसे चयनित कीजिए :
(a) पानी (b) नदी
(c) रोटी (d) बकरी

22. 'मैं काम से जा रहा हूँ' वाक्य में 'से' का कारक है :
(a) संप्रदान (b) करण
(c) अपादान (d) अधिकरण

23. संज्ञा का प्रकार नहीं है –
(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) देशवाचक (d) भाववाचक

24. 'भाववाचक संज्ञा' के अन्तर्गत आते हैं
(a) पशु–पक्षी आदि (b) गुण–दोष आदि
(c) दिशाएँ आदि (d) आभूषण आदि

25. किस समूह में सभी सर्वनाम प्रश्नवाचक हैं?
(a) कौन, क्या, किसने
(b) जो, कोई, वह
(c) जिनका, जो, किनका
(d) जिन्होंने, उन पर, उसको

26. 'मदन काली पतलून पहनकर खेलने आया' में विशेषण है–
(a) काली (b) पतलून
(c) मदन (d) खेलने

27. निम्न में से कौन–सा पाठ्यपुस्तक का गुण नहीं है?
(a) सोद्देश्यता (b) उपयुक्तता
(c) अशुद्धता (d) क्रमबद्धता

28. कारक के कितने भेद होते हैं ?
(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

29. 'हरियाली' है –
(a) जातिवाचक संज्ञा (b) समूहवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) विशेषण

30. लोगों ने शोरगुल करके डाकुओं को भगाया। उपरोक्त वाक्यों में कारक बताइए।

EduBull.com

(a) कर्त्ता कारक (b) करण कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) कर्म कारक

31. 'को' और 'के लिए' किस कारक के चिन्ह है?
(a) सम्प्रदान कारक (b) कारण कारक
(c) अपादान कारक (d) संबोधन कारक

32. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया–विशेषण युक्त वाक्य कौन–सा है?
(a) मैं कल नहीं जाऊँगा
(b) यह फूल सुन्दर है
(c) हवा धीरे–धीरे बह रही है
(d) आज हम स्कूल जाएँगे

33. 'रीतिवाचक' क्रिया विशेषण है –
(a) अत्यन्त (b) आजकल
(c) कदाचित् (d) बाहर

34. 'वह आजकल दिल्ली में है'। इस वाक्य में रेखांकित शब्द है–
(a) क्रिया विशेषण (b) अव्यय
(c) सर्वनाम (d) क्रिया

35. 'वीर' का स्त्रीलिंग है –
(a) वारांगना (b) वीरगति
(c) वीरांगना (d) वीरावती

36. 'दाता' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या है?
(a) दाती (b) दातृ
(c) दात्री (d) यात्री

37. 'ठठेरा' शब्द का लिंग परिवर्तित कीजिए।
(a) ठठेरी (b) ठठारी
(c) ठठेरिन (d) ठठेरिनी

38. 'खूँटी' शब्द का बहुवचन बताइए।
(a) खूँटियाँ (b) खूँटियों
(c) खूँटिया (d) खूँटियौं

39. 'विद्वान' शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा?
(a) विदुषी (b) विद्वंती
(c) विद्यामती (d) विद्यावंती

40. 'गरीबों' की सहायता करो। 'गरीब' शब्द क्या है?
(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा

41. निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प में सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं?
(a) राम, रामचरितमानस, गंगा
(b) कृष्ण, कामायनी, मिठास
(c) लखनऊ, आम, बुढ़ापा
(d) ममता, वकील, पुस्तक

42. 'बुढ़ापा एक प्रकार का अभिशाप है।' रेखांकित शब्द की संज्ञा –
(a) जातिवाचक (b) भाववाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) समूहवाचक

43. 'राम ने सुरेश के साथ मित्रता का निर्वाह किया' इसमें भाववाचक संज्ञा है
(a) राम (b) सुरेश
(c) निर्वाह (d) मित्रता

44. 'दर्शक' शब्द के लिंग व प्रत्यय की पहचान करें :
(a) पुंलिंग आनी (b) स्त्रीलिंग अक
(c) पुंलिंग अक (d) स्त्रीलिंग, अ

45. निम्नलिखित में उभयलिंगी शब्द नहीं है :
(a) प्रधानमंत्री (b) मंत्री
(c) डॉक्टर (d) दही

46. 'मैं' उत्तम पुरुष एकवचन सर्वनाम का उत्तम पुरुष बहुवचन सर्वनाम रुप है :
(a) तू (b) तुम
(c) हम (d) तुम लोग

47. 'चोर' किस संज्ञा का उदाहरण है?
(a) जातिवाचक (b) भाववाचक
(c) समूहवाचक (d) व्यक्तिवाचक

48. निम्नलिखित में से कौन व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द नहीं है?
(a) पटना (b) रामायण
(c) औरत (d) गंगा

49. 'विद्वान' किस संज्ञा का उदाहरण है?
(a) भाववाचक (d) जातिवाचक
(c) द्रव्यवाचक (d) व्यक्तिवाचक

50. क्रियाओं से भाववाचक संज्ञाएँ बनाई जाती हैं –
(a) शीघ्र (b) उचित
(c) तीव्र (d) जागना

## ANSWER KEY(Final)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (b) | 3. (c) | 4. (d) | 5. (c) | 6. (c) | 7. (d) |
| 8. (b) | 9. (b) | 10. (c) | 11. (d) | 12. (c) | 13. (c) | 14. (c) |
| 15. (c) | 16. (a) | 17. (a) | 18. (d) | 19. (d) | 20. (b) | 21. (a) |
| 22. (b) | 23. (c) | 24. (b) | 25. (a) | 26. (a) | 27. (c) | 28. (b) |
| 29. (c) | 30. (d) | 31. (a) | 32. (c) | 33. (c) | 34. (a) | 35. (c) |
| 36. (c) | 37. (c) | 38. (a) | 39. (a) | 40. (c) | 41. (a) | 42. (b) |
| 43. (d) | 44. (c) | 45. (d) | 46. (c) | 47. (a) | 48. (c) | 49. (b) |
| 50. (d) | | | | | | |